Regarding steps taken to address the problem of shortage of drinking water in Samastipur and Darbhanga-laid

श्री प्रिंस राज (समस्तीपुर): समस्तीपुर संसदीय के क्षेत्र अंतर्गत समस्तीपुर एवं दरभंगा जिले में भू-जल का जल स्तर सामान्य से नीचे जा चुका है। जिस कारण जनता को आए दिन पेयजल की विकट समस्या से जूझना पड़ता है। विशेष कर दरभंगा जिले के हायाघाट प्रखण्ड एवं बहेरी प्रखण्ड और समस्तीपुर के विभिन्न प्रखंडों ?कल्याणपुर, पूसा, रोसड़ा, सिंघीया, शिवाजीनगर, वारिसनगर, खानपुर, समस्तीपुर, ताजपुर में इस समस्या का प्रभाव है। मैं सरकार से इस विकट समस्या के समाधान हेतु इन क्षेत्रों में कौन-कौन से विशिष्ट उपाय किए गए हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह करता हूँ।

____

-